महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं निर्देश

क्रम.	आयोजन	तिथियां
1	**पंजीकरण आरम्भ**	15.11.2021
2	**पंजीकरण अंतिम तिथि**	31.12.2021
3	**परीक्षा तिथि**	09.01.2022
4	**उत्तर तालिका, प्रश्न सम्बन्धी आपत्ति दर्ज करने के लिए तिथि (केवल एक दिवस)**	10.01.2022 (09:00 am)
5	**परिणाम घोषणा**	12.01.2022
6	**प्रमाण पात्र व बैंक खाता* जमा करने की तिथि**	12-14 Jan'2022
7	**सत्यापन व शुल्क वापसी/ छात्रवृत्ति वितरण**	15-16 Jan'2022
8	**सम्पूर्ण प्रक्रिया समाप्ति**	20.01.2022

* केवल सफल व योग्य छात्रों को ही बैंक खाते की जानकारी देनी होगी ।

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. अभ्यार्थी के लिए, मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में आवेदन करने से पहले अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढना अनिवार्य है।
2. आवेदक का दायित्व है की वह वेबसाइट या एप पर नियमित रूप से जाए और परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/या निर्देश को समय से पढ़ ले । संगठन, आवेदक द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी और/या निर्देशों पर ध्यान ना दिए जाने के कारण हुई हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।
3. सभी निर्देशों को पालन सख्ती से पालन अनिवार्य है एसा ना होने की स्तिथि में आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
4. उपर दी गयी सभी तिथियों का पालन करना अति अनिवार्य है; अंतिम तिथियों के बाद किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. आवेदकों को परीक्षा के समय, परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या (यदि हो तो) होने पर, परीक्षा समाप्ति के तुरंत पश्चात उसकी जानकारी ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा संगठन को दें।
6. आवेदकों को शुल्क जमा संबंधी समस्या (यदि हो तो) को दिनांक **05.01.2022** से पहले ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा इसकी सूचना संगठन को दें। **05.01.2022** के पश्चात कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मेधावी

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

मानव संसाधन एवं विकास मिशन

(विज्ञापन संख्या: HRDM/nwGN/11-01/2021-22)

मानव संसाधन एवं विकास मिशन (HRDM) की मेधावी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत '*newGEN* छात्रवृत्ति परीक्षा - 2021-22 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

मेधावी एप द्वारा ऑनलाइन आवेदन (OA) जमा करने की आरम्भ होने की तिथि: 15/11/2021 से 00:00 बजे।
मेधावी एप द्वारा ऑनलाइन आवेदन (OA) जमा करने की अंतिम तिथि: 31/12/2021, 23:59 बजे तक।

'*newGEN*' छात्रवृत्ति परीक्षा – 2021-22

मानव संसाधन एवं विकास मिशन (HRDM) की मेधावी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत '***newGEN***' छात्रवृत्ति परीक्षा - 2021-22 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इस परीक्षा के अंतर्गत, मेधावी अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाएगी।

परीक्षा की योजना

छात्रवृत्ति के लिए चयन एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न परीक्षा द्वारा किया जाएगा जिसका स्वरुप निम्न प्रकार है।

परीक्षा का स्वरुप:

परीक्षा का नाम	प्रश्न संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा समय
• तर्कशक्ति	11	11	कुल 19 मिनट *(अलग-२ भागों के लिए अलग से समय नहीं है)*
• मात्रात्मक अभिरुचि	11	11	
• सामान्य अध्ययन	9	9	
• अंग्रेजी भाषा	9	9	

सूचना: अंग्रेजी भाषा (English Language) के प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्न हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषा में लिखे होंगे।

गलत उत्तर के लिए दंड - प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के अंक के 1/3rd (एक तिहाई) अंक दंड स्वरुप काट लिए जाएंगे। प्रश्न का उत्तर ना देने की स्तिथि में कोई अंक नहीं काटा जाएगा।

सूचना

परीक्षा केवल **मेधावी एंड्राइड एप** पर ही होगी। एप, गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, एप डाउनलोड करने का लिंक वेबसाइट http://www.medhavionline.org पर भी उपलब्ध है। परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/व निर्देश वेबसाइट एवं एप पर उपलब्ध होंगे।

अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है की वे मेधावी एप पर उपलब्ध 'MOCK TEST' या अभ्यास टेस्ट करें जिससे परीक्षा के प्रारूप को समझने में सहायता मिलेगी।

परीक्षा में चार भाग होंगे, अभ्यार्थियों को सभी प्रश्नों के उत्तर नियत समय में देने होंगे। किसी भी प्रकार की विसंगति को रोकने के लिए परीक्षा के समय कोई 'बैक बटन' नहीं दिया जाएगा अर्थात कोई भी अभ्यार्थी वापस जाकर ना तो उत्तर बदल सकता है और ना ही छोड़े गए प्रश्न का उत्तर दे सकता है। अभ्यार्थी को स्क्रीन पर दिए गए प्रश्न का या तो उत्तर देना होगा या बिना उत्तर दिए ही अगले प्रश्न पर जाना होगा। अभ्यार्थी दिए गए समय में ही प्रश्नों के उत्तर दे दें, अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा तथा समय समाप्त होने पर परीक्षा स्वयं ही जमा हो जाएगी।

परीक्षा शुल्क

a) सभी वर्गों के अभ्यार्थियों को ऑनलाइन टेस्ट के लिए रू.500 (पाँच सौ रुपये मात्र) का भुगतान करना होगा; ऑनलाइन टेस्ट के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

b) **रू.500 (पाँच सौ रूपए) का पंजीकरण शुल्क 100% *REFUNDABLE* है जो उन सभी अभ्यार्थियों को वापिस कर दिया जाएगा जो परीक्षा में केवल 35% या अधिक अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची में नहीं आते हैं।**

c) बिना शुल्क के किसी भी पंजीकरण को अमान्य माना जाएगा और किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

d) **पंजीकरण शुल्क केवल ऑनलाइन परीक्षा के लिए है; केवल पंजीकरण शुल्क जमा करने भर से ही कोई भी अभ्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होगा। एक बार शुल्क जमा होने पर वापिस नहीं होगा और ना ही अन्य परीक्षा के लिए रिज़र्व किया जायेगा, केवल ऊपर दिए ये बिंदु (b) के अनुसार शुल्क वापिस हो सकता है।**

छात्रवृत्ति:

447 अभ्यार्थियों को ***Type A अर्थात कुल Rs.18,000/-*** की एकमुश्त छात्रवृत्ति धनराशी दी जाएगी; **389** अभ्यार्थियों को ***Type B अर्थात कुल Rs.9,000/-*** की एकमुश्त छात्रवृत्ति धनराशी दी जाएगी; **489** अभ्यार्थियों को ***Type A अर्थात कुल Rs.5,000/-*** की एकमुश्त छात्रवृत्ति धनराशी दी जाएगी; और जो अभ्यार्थी परीक्षा में कम से कम 35% या अधिक अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची में नहीं आते हैं उनको पंजीकरण शुल्क रू. 500 वापिस कर दिया जाएगा।

छात्रवृतियों की संख्या मेरिट सूची और/या आवेदकों की संख्या के आधीन है जिसे किसी भी समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है, इसका निर्णय संगठन के आधीन है जो की अंतिम निर्णय होगा।

छात्रवृत्ति की सम्पूर्ण धनराशी एक ही बार में दे दी जाएगी। शुल्क वापसी एवं छात्रवृत्ति वितरण दी गयी तिथियों के अनुसार 3 दिनों में पूरा किया जाएगा।

परिणाम पूर्णतया अभ्यार्थियों द्वारा परीक्षा में प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट सूची किसी भी दशा में 40% अंको से नीचे नहीं होगी।

सफल अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान

परिणाम घोषणा के पश्चात केवल सफल अभ्यार्थियों को ही बैंक खाते की जानकारी देनी होगी।

छात्रवृत्ति का भुगतान सफल अभ्यार्थी के बैंक खाते में (बैंक खाता संख्या व **IFS** कोड), खाता अभ्यार्थी के नाम से ही होना चाहिए। सभी अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है की वो एक सक्रीय बैंक खाता तैयार रखें। छात्रवृत्ति की धनराशी, सफल अभ्यार्थी के अलावा किसी अन्य के खाते में नहीं डाली जाएगी, तथा इस संबंध में कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छात्रवृत्ति परीक्षा की मेरिट सूची की व्याख्या:

1. **टाइप A (447): 60%** या अधिक अंक
2. **टाइप B (389): 50%** या अधिक अंक और **60%** से कम अंक
3. **टाइप C (489): 40%** या अधिक अंक और **50%** से कम अंक

यदि, टाइप **A** छात्रवृत्ति के अन्तर्गत निर्धारित संख्य **(447)** से अधिक छात्र सफल होते हैं तो अगले छात्रों को टाइप **B** छात्रवृत्ति के लिए चुन लिया जाएगा, ऐसे ही यदि टाइप **B** छात्रवृत्ति के अन्तर्गत निर्धारित संख्या **(389)** से अधिक छात्र सफल होते हैं तो अगले छात्रों को टाइप **C** छात्रवृत्ति के लिए चुन लिया जाएगा।

उपर दी गयी व्यवस्था के अनुसार विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों* केवल पहले 1325 उच्चतम अंक लाने वाले अभ्यार्थियों को ही दी जाएगी।

जो अभ्यार्थी, कम से कम **40%** या अधिक अंक लाते हैं और किसी भी मेरिट सूची मे नहीं आते उनको **100%** पंजीकरण शुल्क* वापस कर दिया जाएगा। ****छात्रवृति धनराशी एवं पंजीकरण शुल्क धनराशी, सफल/पात्र अभ्यार्थियों के बैंक अकाउंट में बैंक/पेमेंट गेटवे के लेन-देन शुल्क काटने के पश्चात जमा की जाएगी।***

पात्रता की शर्तें:

उम्र: न्यूनतम **16** वर्ष एवं अधिकतम **40** वर्ष: सभी वर्गों के अभ्यार्थियों के लिए।

न्यूनतम शैक्षिक अहर्ता:

आवेदन करने वाले अभ्यार्थी के पास मेट्रिक (10th) या समकक्ष का उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। मेट्रिक (10th) केंद्र अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से ही होना अनिवार्य है।

मेट्रिक (10th) एक न्यूनतम शैक्षिक अहर्ता है जिसका अर्थ है की कोई भी अभ्यार्थी जिसने मेट्रिक (10th) से अधिक शिक्षा प्राप्त की है जैसे 11th, 12th**,** स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, इत्यादि, वे भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रीयता:

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा**,** या

(ग) भूटान की प्रजा**,** या

(घ) एसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ड.) कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ़्रीकी देशों, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, जाम्बिया, मालावी, ज़ैरे, इथिओपिया तथा विएतनाम से प्रवजन करके आया हो।

परन्तु (ख), (ग), (घ) एवं (ड.) वर्गों के अंतर्गत आने वाले उमीदवारों के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र होना चाहिये।

आवेदन कैसे करें:

आवेदक वेबसाइट http://www.medhavionline.org पर जारी '***newGEN*** छात्रवृत्ति परीक्षा **- 2021-22** की अधिसूचना के अंतर्गत केवल मेधावी एंड्राइड एप्लीकेशन (एप) के द्वारा ही आवेदन करें। आवेदकों को सलाह दी जाती है की ऑनलाइन फॉर्म भरते समय वे अपना सक्रीय ईमेल आई डी ही उपलब्ध कराएं जिस पर सभी आवश्यक पत्र-व्यवहार ईमेल के माध्यम से प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन आवेदन में दी गयी जानकारी के अनुसार, सफल अभ्यार्थियों से अपेक्षित दस्तावेजों की जानकारी या तो ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी या वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जाएगी। अभ्यार्थी मेधावी एप एवं मेधावी वेबसाइट पर नियमित रूप से जाएं तथा परीक्षा संबंधी जानकारी को समय से पढ़ लें।

1. अभ्यार्थी केवल **MEDHAVI ANDROID APPLICATION** द्वारा ही आवेदन करें. किसी भी अन्य माध्यम से पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

2. अभ्यार्थी मेधावी एप के 'रजिस्ट्रेशन' सेक्शन पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म में व्यक्तिगत जानकारी को भरें।

3. ऑनलाइन फॉर्म में फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

4. इसके पश्चात परीक्षा शुल्क जमा करें।

5. शुल्क जमा करने के पश्चात सबमिट बटन दबाकर फॉर्म को जमा करें।

6. सफलतापूर्वक फॉर्म जमा होने पर रजिस्टर्ड ईमेल ID पर ईमेल भेजा जाएगा जिसमे पंजीकरण संख्या वर्णित होगी।

7. ऑनलाइन फॉर्म जमा होने के पश्चात फॉर्म का स्नेप शॉट ले लें और संभाल कर रख लें।

8. ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार्य है इसके अतिरिक्त किसी भी प्रिंटआउट को डाक द्वारा ना भेजें।

9. अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा ना करते हुए समय से ही फॉर्म भर दें।

10. केवल सफल व योग्य अभ्यार्थियों को ही बैंक खाते की जानकारी देने की आवश्यकता होगी। बैंक खाते की जानकारी मेधावी एप के '***CLAIM SCHOLARSHIP***' सेक्शन पर जाकर देनी होगी। **CLAIM SCHOLARSHIP** सेक्शन परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात एक्टिव कर दिया जाएगा जो केवल दी गयी तिथियों के लिए ही एक्टिव रहेगा, तिथियाँ पहले पन्ने पर उपलब्ध हैं।

परीक्षा का स्थान, तिथि व समय

I. परीक्षा के लिए निश्चित संभावित तिथि **09 जनवरी 2022 (Sunday)** है। परीक्षा का समय पंजीकृत अभ्यार्थियों को मेधावी एप के **'ONLINE TEST'** भाग के अंतर्गत परीक्षा से तीन दिन पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा।

II. यह एक *ऑनलाइन परीक्षा* है जिसे केवल मेधावी एंड्राइड एप की सहायता से दी जा सकती है। सुनिश्चित कर लें की मेधावी एप इनस्टॉल करने के लिए आपका फ़ोन योग्य अथवा compatible है एवं इन्टरनेट की सुचारू व्यवस्था है। मेधावी एप के माध्यम से अभ्यार्थी इस परीक्षा को ***अपने घर बैठे ही दे सकते हैं.*** **(annexure A देखें)**

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. अभ्यार्थी, मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में आवेदन करने से पहले अधिसूचना को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें।
2. आवेदक का दायित्व है की वह वेबसाइट पर नियमित रूप से जाए और परीक्षा संबंधी सभी जानकारी और/या निर्देश को समय से पढ़ ले । संगठन, आवेदक द्वारा वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी और/या निर्देशों पर ध्यान ना दिए जाने के कारण हुई हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
3. सभी निर्देशों को पालन सख्ती से पालन अनिवार्य है एसा ना होने की स्तिथि में आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
4. **उपर दी गयी सभी तिथियों का पालन करना अति अनिवार्य है; अंतिम तिथियों के बाद किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**
5. आवेदकों को परीक्षा के समय, परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या (यदि हो तो) होने पर, परीक्षा समाप्ति के तुरंत पश्चात उसकी जानकारी ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा संगठन को दें।
6. आवेदकों को शुल्क जमा संबंधी समस्या (यदि हो तो) को दिनांक **05.01.2022** से पहले ईमेल (helpdesk@medhavionline.org) द्वारा इसकी सूचना संगठन को दें। **05.01.2022** के पश्चात कोई भी निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

NOTE:

टाई होने की स्तिथि में, नीचे दिए गए तरीको में से एक या सभी का उपयोग करके अभ्यार्थियों को चुना जाएगा:

A. सामान्य अध्ययन में प्राप्त अंकों के आधार पर।
B. अंग्रेजी में प्राप्त अंकों के आधार पर।
C. मात्रात्मक अभिरुचि में प्राप्त अंकों के आधार पर।
D. तर्कशक्ति में प्राप्त अंकों के आधार पर।
E. अभ्यार्थी द्वारा लिए गए समय के आधार पर।
F. अभ्यार्थी के मेट्रिक/10^{th} में प्राप्त अंको के आधार पर।
G. कम आय वाले अभ्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
H. **Lucky draw** (अंतिम उपाय)

शैक्षिक योग्यता व आयु की गणना के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को आधार माना जाएगा। अभ्यार्थियों से निवेदन है की ऑनलाइन आवेदन करते समय वे ध्यानपूर्वक सभी जानकारी को भरें, गलत जानकारी पाई जाने पर अभ्यार्थी का अभ्यार्थिकरण रद्द किया जाएगा एवं भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से वर्जित कर दिया जाएगा।

अधिसूचना में दी गयी सभी तिथियाँ संभावित हैं तथा किसी अपरिहार्य कारणों के आधीन बदला भी जा सकता है।

SYLLABUS

<u>सामान्य अध्ययन</u>

1. समसामयिक घटनाएँ (केवल पिछले 3 महीने की)
2. भारतीय इतिहास (विश्व इतिहास नहीं)
3. भारतीय राजव्यवस्था एवं संविधान,
4. सामान्य ज्ञान (विज्ञान, स्थल, राजधानियाँ, आदि)
5. भारत के परिप्रेक्ष्य में विश्व संगठन
6. अर्थव्यवस्था,
7. भारत और विश्व का भूगोल।

<u>तर्कशक्ति</u>

1. कॉम्प्रिहेंशन रीजनिंग,
2. सीरीज़ (गणतीय व अन्य),
3. कोडिंग एंड डिकोडिंग,
4. कथन व निष्कर्ष, अंकगणितीय तर्क,
5. तार्किक व् न्याय,
6. सीटिंग अरेंजमेंट्स,
7. संबंध व पद व श्रेणी,
8. डिस्टेंस एंड डायरेक्शन

<u>मात्रात्मक अभिरुचि</u>

1. संख्या पद्धति व सरलीकरण,
2. मौलिक अंकगणितीय संचालन,
3. प्रतिशत, ब्याज व लाभ और हानि
4. अनुपात व औसत,
5. क्षेत्रमिति,
6. समय व दूरी,
7. समय और कार्य
8. त्रिकोणमिति व रेखागणित,
9. बीजगणित।

<u>ENGLISH</u>

Spotting errors, Fill in the blanks, Idioms & Phrases, Synonyms and antonyms, one word substitution, Phrase substitution, Jumbled up sentences, commonly misspelled words, correction of sentences. Candidates' ability to understand Basic English, his basic comprehension would be tested.

ANNEXURE - A

विषय: newGEN छात्रवृत्ति परीक्षा 2021-22 के दिशा निर्देश हेतु।

newGEN छात्रवृत्ति परीक्षा - 2021-22 के पंजीकृत आवेदकों के लिए, ***newGEN*** छात्रवृत्ति परीक्षा – 2021-22 सामान्य परिस्तिथि में दिनांक 9 जनवरी 2021 को होनी निर्धारित की गयी है। (परीक्षा का समय एवं दिनांक किसी भी अपरिहार्य घटना के आधीन है, जिसे बदला भी जा सकता है)

परीक्षा का **REPORTING TIME** प्रत्येक पंजीकृत अभ्यार्थी मेधावी एप के ONLINE TEST (YouTube) भाग में जाकर देख सकता है। अभ्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है की ऑनलाइन परीक्षा के सफल समापन हेतु नीचे दिये गये अनुदेशों का पालन अवश्य करें, ***दिये गये अनुदेशों का पालन ना करने की स्तिथि में अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।***

यह दोबारा सूचित किया जाता है की केवल उन्ही टेक्निकल समस्याओं, जो मेधावी द्वारा नियंत्रित हैं को संज्ञान में लिया जाएगा अन्य सभी समस्याएँ जो मेधावी के नियंत्रण से बहार हैं, को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1. अभ्यार्थी परीक्षा के समय अपनी एंड्रॉइड डिवाइस मे बाधा मुक्त इंटरनेट एवं विद्युत सप्लाई (power supply) होना सुनिश्चित करें। इन्टरनेट या विद्युत सप्लाई के कारण हुई समस्या के लिए केवल अभ्यार्थी ही उत्तरदायी होगा।

2. अभ्यार्थी परीक्षा के समय अपनी फ़ोन मेमोरी (RAM एवं ROM) को कम से कम 40% तक मुक्त/फ्री रखे। RAM फ्री करने के लिए अनावश्यक एप डिलीट कर दें और केवल परीक्षा के लिए आवश्यक एप ही खुला रखें। ROM फ्री रखने के लिए अनावश्यक फाइल जैसे फोटो, विडियो, आदि को डिलीट कर दें।

3. कुछ अभ्यर्थी परीक्षा के समय काली स्क्रीन (check YouTube) का सामना करते हैं जो फ़ोन की डिस्प्ले सेटिंग के कारण होती है, अभ्यार्थी परीक्षा के समय अपनी फ़ोन की डिस्प्ले को DARK MODE से LIGHT MODE में करके इस समस्या से बच सकते हैं।

4. **अभ्यार्थी ये सुनिश्चित कर लें की वे मेधावी एप का LATEST VERSION ही प्रयोग कर रहे हैं, एसा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा के समय से 1 दिन पूर्व गूगल प्लेस्टोर पर जाकर ज़रूर चेक कर लें, पुराने एप पर परीक्षा देने की स्तिथि मे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे और इस संदर्भ में कोई निवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा और कोई सुनवाई नहीं होगी।**

5. बाधारहित परीक्षा होने के लिए अभ्यार्थियों को निर्देश दिया जाता है की परीक्षा के समय फ़ोन कॉल/ SMS / या अन्य प्रकार की बाधाओं से बचने के लिए नीचे दी गयी विधियों का प्रयोग अवश्य करें जिससे परीक्षा के समय कोई अवरोध उत्पन्न न हो। यदि अभ्यार्थी नीचे दी गयी विधियों का पालन नहीं करता है तो इस कारण उत्पन्न हुई किसी भी समस्या के लिए परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे और इस संदर्भ में कोई निवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा और कोई सुनवाई नहीं होगी।

   विधियाँ निम्न प्रकार हैं:

   I. मोबाइल फ़ोन को AEROPLANE MODE में रखें और Wi-Fi इन्टरनेट सेवा का प्रयोग करें।
      या
   II. एंड्राइड मोबाइल फ़ोन में call settings में जाकर सभी आने वाली कॉलों को फॉरवर्ड (CALL FORWARD) करें।
      या

III. एंड्राइड मोबाइल फ़ोन में call settings में जाकर सभी आने वाली कॉलों को block/barr (CALL BARRING) करें।

या

IV. अभ्यार्थी किसी भी विश्वासनीय CALL BLOCKING APP का प्रयोग भी कर सकते हैं।

6. अभ्यार्थी परीक्षा के समय अपनी एंड्रॉइड डिवाइस मे मेधावी एप व स्क्रीन रिकॉर्डिंग एप [एवं CALL BLOCKING APP (यदि प्रयोग कर रहे हैं तो)] को छोड़ सभी एप बंद रखें।

7. अभ्यार्थी, मेधावी एप का पासवर्ड किसी के भी साथ साझा ना करें।

8. अभ्यार्थी अपना **REPORTING TIME** मेधावी एप के ONLINE EXAM सेक्शन पर जाकर जान लें और दिए गए **REPORTING TIME** में अवश्य लॉग इन कर लें, एसा न होने की स्तिथि में परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे और इस संदर्भ में कोई निवेदन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा और कोई सुनवाई नहीं होगी।

9. ONLINE EXAM सेक्शन पर क्लिक करने के पश्चात अभ्यार्थी अपने **REPORTING TIME** के अन्दर LOGIN FOR EXAM बटन दबाकर INSTRUCTION पेज पर पहुँच जाएगा।

10. **लॉग इन के पश्चात अभ्यार्थी को मेधावी एप से बाहर जाने या उसे बंद करने की अनुमती नही होगी, एसा करने पर अभ्यार्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और इस संदर्भ में कोई सुनवाई भी नहीं होगी।**

11. LOGIN FOR EXAM बटन ठीक दिए गए **REPORTING TIME** पूरा होने पर पर स्वत: ही बन्द हो जाएगा, कोई भी अभ्यार्थी दिये गये समय के पश्चात LOGIN FOR EXAM बटन नहीं दबा पाएगा और लॉग इन नहीं कर पाएगा। ***बाद मे कोई भी लॉग इन निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।***

12. लॉग इन के पश्चात परीक्षा संबंधित निर्देश पढ़ने के लिए समय दिया जाएगा, सभी निर्देशों को ध्यानपूर्व पढ़ें, इस पेज पर आने के बाद वापस जाना या एप बंद करना वर्जित है।

13. संबंधित निर्देश पेज पर ऊपर चल रहे टाइमर के समाप्त होने के पश्चात् परीक्षा स्वत: ही आरम्भ हो जाएगी।

14. अभ्यार्थी परीक्षा शुरू होने के पश्चात् किसी भी समय परीक्षा SUBMIT बटन दबाकर जमा कर सकते हैं। परीक्षा का समय पूरा होने पर परीक्षा स्वत: ही जमा हो जाएगी।

SCREEN RECORDING APP

सभी अभ्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है की वे परीक्षा के समय किसी आधिकारिक व विश्वशनीय SCREEN RECORDING APP का उपयोग करें व रिकॉर्डिंग को सुरक्षित कर ले। सुरक्षित रिकॉर्डिंग का उपयोग, केवल मेधावी एप में हुई किसी तकनीकी समस्या (यदि उत्पन्न होती है तो) होने पर उस समस्या के समाधान के लिए किया जाएगा। इन्टरनेट, विद्युत, या अन्य समस्याओं के कारण परीक्षा छूट जाने की स्तिथि में अभ्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

यद्यपि एप में समस्या होने की संभावना अत्यधिक कम है किन्तु सभी पहलुओं को देखते हुए तथा प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने हेतु इस प्रक्रिया का आरम्भ किया जा रहा है।

SCREEN RECORDING APP का उपयोग कैसे करें:

1. परीक्षा के लिए मेधावी एप खोलने से पहले SCREEN RECORDING APP को on कर लें तथा रिकॉर्डिंग चालू कर लें।
2. अब MEDHAVI APP को खोलें।
3. ***newGEN*** छात्रवृत्ति परीक्षा में लॉग इन करने के लिए मेधावी एप के ONLINE EXAM सेक्शन पर जाएं, Scholarship Exam बटन पर क्लिक करें और ***newGEN*** चुनें।
4. अभ्यार्थी परिणाम की घोषणा होने तक विडियो को अपने पास सुरक्षित रखे।
5. किसी प्रकार की समस्या होने की स्तिथि में अभ्यार्थी रिकॉर्डिंग को अवश्य save कर लें और उसको अपनी समस्या के साथ केवल एप के माध्यम से रिकॉर्डिंग हमें भेजें, **रिकॉर्डिंग ईमेल न करें**।

यदि कोई समस्या उत्पन्न होती है तो रिकॉर्डिंग का भेजना अनिवार्य है, रिकॉर्डिंग निर्देशानुसार (बिंदु 1 से 5 अनुसार) होनी चाहिए अन्यथा इस सन्दर्भ में कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

YouTube: https://www.youtube.com/channel/UCjVe_lRdbLUvk91QhWX81zA